# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
## उत्तरपुस्तिका क्रय हेतु प्रथम निविदा - वर्ष 2019

2019

क्रमांक: 58 /भण्डार/2019 भोपाल, दिनांक: 11-1-2019

**उत्तरपुस्तिका क्रय हेतु आनलाईन द्वितीय निविदा वर्ष-2019**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिका क्रय हेतु आनलाईन निविदा वर्ष-2019 आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्ते, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु साईट **https://mptenders.gov.in** पर विजिट करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000=00 तथा निविदा प्रतिभूति राशि रू. 4,00,000=00 हैं। इन्हें आन-लाईन जमा किया जाना हैं।

निविदा का कुल मूल्य रूपये 2,00,00,000=00 है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:-

| सं. क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 11-1-2019 | 14-00 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 24-1-2019 | 15-00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 24-1-2019 | 17-00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | 25-1-2019 | 15-30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 25-1-2019 | 16-00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 28-1-2019 | 15-30 |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.bubhopal.ac.in** पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कुलसचिव

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
## उत्तरपुस्तिका क्रय हेतु प्रथम निविदा - वर्ष 2019

2019

## भाग – 1 निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के उपयोग में आने वाली उत्तरपुस्तिकाओं के क्रय लिए आमंत्रित की जा रही हैं।

1.3 उत्तरपुस्तिका क्रय की निविदा को वेब–साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू.2,00,00,000हैं।

1.4 निविदा आन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैः–

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 11-01-2019 | 15-00 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 24-01-2019 | 15-00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 24-01-2019 | 17-00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि | 25-01-2019 | 15-30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 25-01-2019 | 16-00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 28-01-2019 | 15-30 |

1.5 यदि निविदा खुलने की तिथि को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3:30 बजे खोली जावेगी।

1.6 **प्रक्रिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000-00 (रूप्ये पॉच हजार मात्र) हैं। निविदा प्रतिभूति राशि रूपये.4,00,000(रूपये चार लाख मात्र) हैं। इन्हें ऑन लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की गई दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रतिभूति राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.7 **प्रक्रिया–2:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्म की ही तकनिकी निविदा खोली जावेगी। तकनिकी निविदा के **भाग–2** में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

1.8 **प्रक्रिया–3:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को ऑन लाईन प्रस्तुत किया जाना हैं।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# भाग – 2 निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 **अनुभवः–** फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16) में मान्यता प्राप्त न्यनतम 3 विश्वविद्यालयो/शैक्षणिक संस्थाओं में उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया गया हो, जिसमें न्यूनतम 25 लाख उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया हो। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र प्रमाण स्वरूप ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.2 **टर्न ओवरः–** पिछले पॉच वित्तीय वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16, 2014-15, 2013-14) में रू. 6 करोड़ औसत टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म के टर्न ओवर की चार्टेड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.3 **बेलेन्सशीटः–** पिछले पॉच वित्तीय वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16, 2014-15, 2013-14) की बेलेन्सशीट तथा अंकेक्षित लेखा ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.4 **इनकम टैक्सः–** विगत पांच असेसमेंट वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17, 2015-16, 2014-15)का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.5 **ब्लेक लिस्टः–** निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्ट नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1000=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं। शपथ पत्र की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।

2.6 **प्रत्येक पृष्ठः–** निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **<u>किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे प्रस्तुत किया नहीं माना जावेगा</u>**।

2.7 **प्रमाण पत्रः–** संस्था/फर्म/कम्पनी का

(क) वैध जी0एस0टी0 (GST) नंबर की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।

(ख) आयकर (PAN) नंबर की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।

(घ) वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति ऑन-लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।

2.8 **निर्धारित प्रपत्रः–** निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं हैं।

2.9 **सेम्पलः–** निविदाकर्ता को निविदा के साथ निम्नानुसार प्रत्येक सेम्पल का एक पृष्ठ प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं:-

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

(i) 70 जी0एस0एम0 क्रीमवोव पेपर

<u>उक्तानुसार सेम्पल डाक अथवा पत्र वाहक से उपकुलसचिव (भण्डार), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल–462026 के पते पर निविदा जमा करने की अंतिम तिथी सायं 5:00 तक पहुँच जाना चाहिए।</u>

2.10 निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 9001:2008 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण–पत्र होना चाहिए।

2.11 निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 27001:2013 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण–पत्र होना चाहिए।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 3 निविदा की अन्य शर्तें

**3.1 निविदाएं निरस्तः–**

3.11 निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

3.12 विश्वविद्यालय द्वारा चाही गयी निविदा प्रतिभूति तथा निष्पादन प्रतिभूति राशि एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारियों के अभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेगी।

**3.2 अनुबंधः–**

3.21 कार्य आदेश के पूर्व सफल निविदाकर्ता को अनुमानित निविदा की 5 प्रतिशत राशि की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) एफ0डी0आर0, कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। साथ ही एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) को राजसात कर उसका नकदीकरण किया जा सकेगा।

3.22 पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.23 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 3 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं। फर्म से अनुबन्ध की अवधि में उत्तरपुस्तिका की मूल की कीमत में वृद्धि को मान्य नहीं किया जावेगा।

3.24 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

**3.3 निविदाकर्ता फर्म की जिम्मेदारीः–**

3.31उत्तरुपस्तिकाएं विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्य पूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदादाता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी। रिजल्ट प्रोसेसिंग के कागज का तकनीकी मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदाकर्ता फर्म के व्यय पर करवाया जाएगा एवं प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर फर्म को भुगतान किया जाएगा।

3.32 उत्तरपुस्तिका मुद्रण में लगने वाले कागज एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

3.33 उत्तरपुस्तिका प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

**3.4 विश्वविद्यालय की जिम्मेदारीः–**

3.41 उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर मुद्रित होने वाला मैटर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

**3.5 वित्त संबंधीः–**

3.51 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देवें।

3.52 आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी0डी0एस0 एवं नियमानुसार किए जाने वाले अन्य करों की कटौति/भुगतान की जावेगी।

3.53 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.6 दण्ड अधिरोपणः—

3.61 **कार्य सन्तोषजनक न होनाः—** कार्य सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.62 **सामग्री में त्रुटिः—**

(i) 01 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 3% की कटौति की जावेगी।
(ii) 02 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 6% की कटौति की जावेगी।
(iii) 03 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 9% की कटौति की जावेगी।

इससे अधिक जी.एस.एम. की कमी पर इसी अनुपात में कटौति की जावेगी।

3.63 **विलम्बः—** विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए आदेश की तिथि के 45 दिवस के अन्दर निविदा में सफल फर्म को उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य संपादित करना होगा। यदि उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जात है तो निम्नानुसार प्रस्तुत बिल से कटौति की जावेगीः—

| | | |
|---|---|---|
| (i) | 07 दिवस विलम्ब | बिल की 5% राशि की कटौति की जावेगी। |
| (ii) | 08 से 15 दिवस के विलम्ब | बिल की 10% राशि की कटौति की जावेगी। |
| (iii) | 15 दिवस से अधिक विलम्ब | बिल की 15% राशि की कटौति की जावेगी। |

3.64 **निविदा निष्पादित करने में असफल होनाः—**यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्यादेश का प्रस्ताव दिया है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपने निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) राशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जावेगी।

3.65 **निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने परः—** निविदाकर्ता एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदाकर्ता ऐजेन्सी के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि राजसात कर ली जावेगी।

3.66 **अन्य शर्तो का पालन न करनाः—**उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तो का पालन न करने पर कटौति का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.7 **मान्य नहीं होने परः—**

3.71 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी निविदा प्रतिभूति की राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.72 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई निविदा प्रतिभूति तथा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.8 **कुलपति / बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार :—**

3.81 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर विश्वविद्यालय स्व विवेक से पैरामीटर / प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.82 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.83 बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार सुरक्षित है।

3.84 निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों का मान्य होगा।

3.85 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

3.86 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 4 उत्तरपुस्तिका का विवरण एवं कागज का स्पेसिफिकेशन

उत्तरपुस्तिका :–

4.11 प्रत्येक उत्तरपुस्तिका का आकार ए–4 तथा लेण्ड स्केप होना चाहिए।

4.12 उत्तरपुस्तिका का कागज 70 जी.एस.एम. का क्रीमवोव होना चाहिए।

4.13 उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों पर 19 क्षैतीज एक ऊपर बोल्ड लाइन होना चाहिए।

4.14 उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर मेटर आफसेट से मुद्रण होना चाहिए।

4.15 उत्तरपुस्तिकाओं के बांये ओर ऊपर पृष्ठ पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का मोनो मुद्रित होना चाहिए।

4.16 उत्तरपुस्तिकाओं के अंदर दायी ओर पृष्ठ क्रमांक गोले में मुद्रित होना चाहिए।

4.17 उत्तरपुस्तिकाओं की मशीन से सिलाई बाइंडिग होना चाहिए।

4.18 बोल्ड खडी लाईन के अन्दर पृष्ठ में प्रश्न क्रमांक का बाक्स 2 सेमी X 1.5 सेमी का बना होना चाहिए। इसके बाद BU BHOPAL मुद्रित होना चाहिए। तत्पश्चात अंक लिखने का बाक्स 2 सेमी X 1.5 का होना चाहिए।

4.19 उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठों पर परीक्षार्थियों के लिए निर्देश एवं अन्य प्रारूप विश्वविद्यालय सफल निविदाकर्ता को उपलब्ध करायेगा।

4.20 उत्तरपुस्तिकाओं में निर्धारित स्थान पर उत्तरपुस्तिका क्रमांक अंकित होना चाहिए।

4.21 उत्तरपुस्तिका में बायी ओर ऊपर एक होल पंच होना चाहिए।

4.22 पूरक उत्तर पुस्तिकाओं पर प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका लिखा होना चाहिए।

4.23 उत्तरुपस्तिका का मुख्य पृष्ठ पर एक रंग काला अन्य दूसरा रंग आवश्यकतानुसार आदेश देते समय निर्धारित किया जाएगा।

4.23 उत्तरपुस्तिकाओं के निम्नांकित पृष्ठ होना चाहिए :–

(i) मुख्य उत्तरपुस्तिका 32 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित)

(ii) प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित)

मुख्य पृष्ठ :–

मुख्य पृष्ठ स्टेण्डर्ड फारमेट में होना चाहिए। जिसे परीक्षा परीणाम बनाने वाली फर्म द्वारा मशीन से आप्टिकली रीड किया जा सकें। मुद्रण के उपरान्त प्रिन्ट की स्याही मिटना नहीं चाहिए। मुख्य पृष्ठ एक जगह से परफोरेटेड रहेगा। मुख्य पृष्ठ का साईज ए–4 (लेण्डस्केप) होना चाहिए। मुख्य पृष्ठ में बारकोड चिपकाने के लिए जगह होना चाहिए एवं नम्बर, छात्र का रोल नम्बर, इनरोलमेन्ट नम्बर, परीक्षा का नाम, विषय का नाम, प्रश्नपत्र का नाम, परीक्षा दिनांक आदि सम्मिलित होना चाहिए। मुख्य पृष्ठ के पृष्ठ भाग में परीक्षार्थी/वीक्षक/परीक्षक के लिए निर्देश होने चाहिए। जिसका प्रारूप विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा।

4.2 उत्तरपुस्तिकाओं की एक वर्ष में अनुमानित संख्या एवं विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0 | उत्तरपुस्तिका का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | एक मुख्य उत्तरपुस्तिका 32 पृष्ठ लेण्डस्केप (कवर पृष्ठ सहित) | लगभग 30 लाख |
| 2 | प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ लेण्डस्केप (कवर पृष्ठ सहित) | संख्या आवश्कतानुसार होगी। |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 5 | दस्तावेजों (फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित) की स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।

| सं0क्रं0 | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000=00 जमा की रसीद |
| 02 | निविदा प्रतिभूति राशि रूपये 4,00,000=00 जमा की रसीद |
| 03 | **अनुभवः–** फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16) में मान्यता प्राप्त न्यनतम 3 विश्वविद्यालयो/शैक्षणिक संस्थाओं में उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया गया हो, जिसमें न्यूनतम 25 लाख उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया हो। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र प्रमाण स्वरूप ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 04 | **टर्न ओवरः–** पिछले पॉच वित्तीय वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16, 2014-15, 2013-14) में रू. 6 करोड़ औसत टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म के टर्न ओवर की चार्टेड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 05 | **बेलेन्सशीटः–** पिछले पॉच वित्तीय वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16, 2014-15, 2013-14) की बेलेन्सशीट तथा अंकेक्षित लेखा ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 06 | **इनकम टैक्सः–** विगत पांच असेसमेंट वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17, 2015-16, 2014-15)का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 07 | **ब्लेक लिस्टः–** निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्ट नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1000=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं। शपथ पत्र की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें। (प्रपत्र ए–1) |
| 08 | वैध जी0एस0टी0 (GST) नंबर की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें। |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| | |
|---|---|
| 09 | आयकर (PAN) नंबर की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें। |
| 10 | संस्था/फर्म/कम्पनी का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 11 | निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 9001:2008 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 12 | निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 27001:2013 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 13 | निविदा प्रपत्र ए–2 |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| प्रपत्र ए–1 | शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित रू. 1000/– के स्टाम्प पेपर पर |
|---|---|

मैं———————————द्वारा प्रोपराईटर मेसर्स———————————————

निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि फर्म का उत्तरपुस्तिका प्रदाय कार्य सम्बन्धी में कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं हैं।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं हैं।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

सहायक अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
## उत्तरपुस्तिका क्रय हेतु प्रथम निविदा – वर्ष 2019

2019

**प्रपत्र ए–2** | **(निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– उत्तरपुस्तिाक प्रदाय कार्य हेतु निविदा वर्ष 2019 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं0 क्रं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |

**प्रमाण–पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" "4" में दर्शित शर्तों के अनुसार विश्वविद्यालय के **को उत्तरपुस्किा प्रदाय कार्य की निविदा वर्ष 2019** को पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

वित्तीय निविदा प्रपत्र

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| सं.क्रं | उत्तरपुस्तिका काविवरण निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार | दर प्रति नग | |
|---|---|---|---|
| | | दर रू. शब्दों में | दर रू. अंकों में |
| 1 | एक मुख्य उत्तरपुस्तिका 32 पृष्ठ ए–4 साईज लेण्ड स्केप (कवर पृष्ठ सहित) | | |
| 2 | एक प्रायोगिक/पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ ए–4 साईज लेण्डसकेप (कवर पृष्ठ सहित) | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कर का नाम | कर की दर | |
| 2 | कर का नाम | कर की दर | |
| 3 | कर का नाम | कर की दर | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल